आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल

189200 Subscribers

VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+

12 Crore + Watch Time (min)

YouTube Channel

Subscribe NOW


**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 88,000 रु./प्रति किलो |



# गरीबों की सेवा ही पीएम नरेंद्र मोदी की पहचान : संजय सेठ

## सांसद ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सांसद सह रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी हटिया विधानसभा क्षेत्र के रातू प्रखंड के अगडु, सिमलिया, काठीटाड़, मलमंडू, हुरहुरीं, कमड़े, चटकपुर, हटिया-धुर्वा में चौपाल और जनसंपर्क अभियान चलाया गया। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गरीबों के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण किया। 80 करोड़ से अधिक भारतीयों के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की



जन-धन योजना वित्तीय समावेश की विश्व में सबसे बड़ी योजना बनी, दिव्यांगजनों को सशक्तिकरण पर काम किया गया। जनजाति के लिए सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किये गये। कहा कि कांग्रेस ने 70 साल तक देश के गरीब, दलित, आदिवासी बहनों का शोषण किया। 25 तारीख को भाजपा के कमल फूल में बटन दबाकर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायें। विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि कांग्रेस ने इस देश पर 70 साल शासन किया, इन 70 सालों में गांव-गरीब, किसान का शोषण अगर किसी ने किया है तो वह है कांग्रेस पार्टी। इन 70 सालों में गांव तक विकास की किरण नहीं पहुंच पायी। इस अवसर पर ग्रामीण जिला के अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, प्रीतम साहू, जेम्स बांड खलखो, कृष्ण भगत, सुधाकर चौबे, परमेश्वर गोप, रूपेश गोप, देवेंद्र सिंह, संगीता देवी, हजारी प्रसाद समेत अन्य मौजूद थे।

## वाटर हार्वेस्टिंग की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनायी गयी

**रांची (आजाद सिपाही)।** जलस्त्रोतों के संरक्षण और रांची के तीन डैम की साफ-सफाई और उसे अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई गुरुवार को हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची के बहुमंजिली इमारतों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच के लिए छह अधिवक्ताओं की कमेटी बनायी है। अधिवक्ताओं की यह कमेटी रांची नगर निगम के तीन अभियंताओं के साथ मिलकर इसकी जांच करेगी कि जिन बहुमंजिली इमारतों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग लगे होने का दावा रांची नगर निगम कर रहा है, वह मेंटेन होता है या नहीं। रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम चालू हालत में है या नहीं। अधिवक्ताओं की कमेटी इसकी जांच कर कोर्ट को रिपोर्ट सौंपेगी।

# एसटीपी के माध्यम से सुधारेंगे हरमू की दशा : धर्मेंद्र तिवारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के टिकट पर रांची लोकसभा से चुनाव लड़ रहे धर्मेंद्र तिवारी ने गुरुवार को जनसंपर्क यात्रा में हरमू नदी की बदहाली और उसमें सुधार के उपाये पर जोर दिया। धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रांची में हरमू नदी का स्वरूप बिगड़ गया है। हरमू नदी अब नाले में परिवर्तित हो गयी है। इससे पूर्व श्री तिवारी



नामकुम, कचहरी, उच्च न्यायालय, द्वारिकापुरी, जोड़ा तालाब मैदान, और मेन रोड में जनसंपर्क कर चुनाव चिह्न सिलेंडर छाप पर वोट करने का अपील की।

## झारखंड हाइकोर्ट हाइकोर्ट के अधिवक्ता काम पर लौटे

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट के अधिवक्ता गुरुवार से अपने काम पर लौट आये। यह जानकारी हाइकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि बुधवार को जिस अधिवक्ता के खिलाफ कार्रवाई की गयी थी, उसे डबल बेंच से राहत मिलने के बाद गुरुवार को हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले की तरह सभी अधिवक्ता न्यायालय में उपस्थित होंगे। हाइकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार और महासचिव नवीन कुमार के संयुक्त हस्ताक्षर से पत्र जारी कर बैठक में लिये निर्णय की जानकारी हाइकोर्ट के अधिवक्ताओं को दी गयी थी।

### इंडी गठबंधन के समर्थन में चुनावी सभा

# भारत महात्मा गांधी का देश था और रहेगा : सुबोधकांत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** वार्ड 16 की निवर्तमान पार्षद नाजिमा रजा की अध्यक्षता में गुलशन हॉल में रांची लोकसभा क्षेत्र से इंडी गठबंधन की प्रत्याशी यशस्विनी सहाय के समर्थन में चुनावी सभा हुई। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और यशस्वनी सहाय को आशीर्वाद दें। आदिवासी, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यक समुदाय के लिए केंद्र सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारा देश हमेशा से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विचारधारा पर चला है और आगे भी चलता रहेगा। नफरत की सोच वाले लोगों को सत्ता से बाहर




करना है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष कुमार राजा ने बूथ मैनेजमेंट और ज्यादा से ज्यादा वोटर को बूथ पर लाने पर जोर दिया। विनय सिंह दीपू ने कहा कि रांची में पहली बार महिला को उम्मीदवार बनाया गया है, नारी शक्ति की ताकत को पहचाने। नाजिमा रजा ने कहा कि अब नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। मंदिर-मस्जिद की राजनीति नहीं चल सकती है। मौके पर कांग्रेस प्रवक्ता खुर्शीद हसन रूमी, अयूब राजा खान, अकीलउर रहमान, खुर्शीद हसन रूमी, पप्पू गद्दी, फिरोज अंसारी उर्फ मुन्ना, अफरोज आलम, पप्पू गद्दी, मंसूर आलम, जमायतुल इराकीन समेत अन्य मौजूद थे।

# मेडिकल कॉलेज में नामांकन का झांसा देकर 19 लाख की ठगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची की एक छात्रा से मेडिकल कॉलेज में नामांकन का झांसा देकर 19 लाख की ठगी कर ली गयी है। बताया जा रहा है कि हटिया के रहने वाले ओम प्रकाश झा की बेटी का एमबीबीएस में एडमिशन कराने के नाम पर निशांत कुमार सिंह नामक शख्स ने 19 लाख की ठगी कर ली। इस संबंध में मुजफ्फरपुर के रहनेवाले निशांत के खिलाफ ओम प्रकाश झा ने जगन्नाथपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है।

**2022 का है मामला :** प्राथमिकी में ओम प्रकाश झा ने बताया है कि वर्ष 2022 के सितंबर महीने में आकाशवाणी पटना में सहकर्मी दीपक कुमार ने उनका परिचय निशांत सिंह से कराया था। निशांत ने बताया था कि वह रांची दूरदर्शन में कार्यरत कर्मी की बेटी का एडमिशन मेडिकल कॉलेज में करा रहा है। उसी बात पर ओम प्रकाश झा ने भी उससे अपनी बेटी का मेडिकल में एडमिशन कराने की बात की।

### जीपीएफ और बैंक से लोन लेकर दिये थे रुपये

एडमिशन कराने के लिए ओम प्रकाश झा ने जीपीएफ से छह लाख तथा बैंक से 13 लाख, कुल 19 लाख रुपये आरोपी निशांत के विभिन्न खातों में डाले। काफी दिन हो जाने के बाद भी जब एडमिशन के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली, तो निशांत से जानकारी ली गयी। उसने कहा कि कुछ तकनीकी कारणों से आपकी बेटी का एडमिशन नहीं हो पायेगा। उसके बाद आरोपी निशांत से रुपये लौटाने के लिए कहा गया, तो उसने तीन चेक दिये और कहा कि तीन महीने के बाद इसे कैश कराया जाये।

### झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामला

# सरकार और विधानसभा ने सौंपी सीलबंद रिपोर्ट

## अब 11 जून को होगी अगली सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में नियुक्ति गड़बड़ी मामले में शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में राज्य सरकार और विधानसभा की ओर से सीलबंद रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की गयी। इस पर सुनवाई के लिए कोर्ट ने 11 जून की तिथि निर्धारित की है।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार और झारखंड विधानसभा से पूछा था कि जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की रिपोर्ट में क्या त्रुटियां थीं, जिसके कारण दूसरा आयोग बनाने की नौबत




आयी। सुनवाई के दौरान गवर्नर की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चूंकि इस मामले में विधानसभा कार्यालय की संलिप्तता थी, इसलिए हाइकोर्ट को पत्र लिखा गया था।

इसके बाद जस्टिस लोकनाथ प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी, उनके इस्तीफा के बाद जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमेटी बनी थी। इस कमेटी के बाद एसजे मुखोपाध्याय आयोग बनाने के संबंध में गवर्नर को कोई जानकारी नहीं दी गयी थी और न ही इस आयोग को बनाने में गवर्नर का अप्रूवल था।

### क्या है मामला

प्रार्थी के अधिवक्ता की ओर से पूर्व की सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि मामले की जांच को लेकर पहले जस्टिस विक्रमादित्य प्रसाद की अध्यक्षता वाली वन मैन कमिशन बना था। इसने मामले की जांच कर राज्यपाल को वर्ष 2018 में रिपोर्ट सौंपी थी। इसके आधार पर राज्यपाल ने विधानसभा अध्यक्ष को एक्शन लेने का निर्देश दिया था, लेकिन वर्ष 2021 के बाद से अब तक कोई एक्शन नहीं लिया गया है। राज्यपाल के दिशा-निर्देश के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष द्वारा इस मामले को लंबा खींचा जा रहा है। मामले में देरी होने से गलत तरीके से चयनित होनेवाले कर्मी रिटायर हो जायेंगे।

## रेलवे स्टेशन से बच्चा चोरी मामले में शिकायत

**रांची (आजाद सिपाही)।** रेलवे स्टेशन से चोरी हुए नौ माह के मासूम शुभम का पांच दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल पाया है। पुलिस की कई टीमें अलग-अलग जगह बच्चे की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। इसको लेकर चाइल्ड राइट्स फाउंडेशन के सचिव बैजनाथ कुमार ने जीआरपी द्वारा त्वरित कार्रवाई नहीं करने को लेकर शिकायत की है। बैजनाथ कुमार ने सीआइडी डीजी और रेल एडीजी से कहा है कि रांची रेलवे स्टेशन पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा बच्चों को उठा कर ले जाते हुए सीसीटीवी फुटेज में देखा जा सकता है, लेकिन बच्चे के माता-पिता जब रांची रेलवे पुलिस थाना में शिकायत करने पहुंचे, तो जीआरपी ने यह कह कर लौटा दिया कि यह मामला यहां का नहीं है। चुटिया थाना चले जाइये। बीते 11 मई की देर रात नौ माह के शुभम को चोरों ने गायब कर दिया। बच्चे के गायब करने की पूरी वारदात रांची रेलवे स्टेशन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद है। लातेहार के गारू के रहने वाले प्रदीप लोहरा और उनकी पत्नी नीना देवी नौ माह के बच्चे शुभम को अगरतला से लेकर रांची लौटे थे। लातेहार की ट्रेन नहीं मिलने की वजह से प्रदीप ने परिवार के साथ स्टेशन के बाहर ही रात गुजारी थी। उसी दौरान उनका बच्चा गायब हो गया।

## 19 साल तक चली जांच के बाद राहत

**रांची (आजाद सिपाही)।** राज्य प्रशासनिक सेवा की अफसर पर बिहार से लेकर झारखंड तक 19 साल से अधिक समय तक विभागीय कार्यवाही चली। यह विभागीय कार्यवाही 14 हजार रुपये की अनियमितता को लेकर चली। अफसर पर आरोप यह लगा था कि 14 हजार रुपये से डीसी बिल की अनियमित तरीके से छपाई करवायी गयी थी। जांच में यह पाया गया कि इसमें किसी भी तरह की अनियमितता प्रतीत नहीं होती है। क्योंकि यह सक्षम पदाधिकारी के द्वारा विपत्र पारित किया गया था। जिस अफसर पर इतने लंबे समय तक विभागीय कार्यवाही चली, उस अफसर का नाम खीस्तीना हांसदा है।

## पासवा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में

**रांची (आजाद सिपाही)।** पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नयी कार्यकारिणी गठित होने तक आलोक कुमार दुबे कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे। चुनाव के बाद 5 जून से 10 जून के बीच रांची में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। आलोक दुबे ने बताया कि इसमें झारखंड बोर्ड, सीबीएसइ और आइसीएसइ सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। झारखंड के प्रत्येक जिलों में भी छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। राष्ट्रीय कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक दुबे की उपस्थिति में 26 मई को पटना में बिहार पासवा कमेटी का चुनाव होगा। वर्चुअल बैठक में बहुत जल्द लोकसभा चुनाव के बाद पासवा का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में करने पर सहमति बनी। बैठक में राष्ट्रपति अवार्डी फलक फातिमा, नीरज सहाय, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू, मसूदा यासमीन, स्मृति कुमारी, प्रियंका कुमारी, अतुल आनंद, डॉ जयश्री समेत अन्य मौजूद थे।

## मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और स्वीप के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 16 मई को मतदाता जागरूकता साइकिल रैली निकाली गयी। आरयू के बेसिक साइंस परिसर से एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार की अध्यक्षता में रैली निकली गयी। इस अवसर पर डॉ ब्रजेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए सभी निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इस अवसर एनएसएस के विश्वविद्यालय टीआरएल विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ किशोर सुरीन ने कहा कि वोट करना हमारा अधिकार है। इसका इस्तेमाल सही तरीकों से करना चाहिए।

# एनटीपीसी का स्वच्छता पखवाड़ा शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/भुवनेश्वर।** एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय/एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड, रांची, स्वच्छता पर जागरूकता फैलाने के लिए 16 मई से 31 मई, 2023 तक स्वच्छता पखवाड़ा-2024 मना रहा है। यह स्वच्छता पखवाड़े में स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए स्थानीय समुदाय को शामिल किया जायेगा। स्वच्छता पखवाड़ा के शुभारंभ के साथ, स्वच्छता शपथ को मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश रस्तोगी ने विभागाध्यक्षों, वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में दिलायी। शपथ में स्वच्छता को बढ़ावा देने और देश को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता मिशन में शामिल होने के लिए



दूसरों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वेच्छा से एक वर्ष में 100 घंटे का समय और सप्ताह में कम से कम 2 घंटे समर्पित करने पर जोर दिया गया। बाद में कर्मचारियों और सहयोगियों ने मैं स्वच्छता राजदूत हूं थीम के साथ सेल्फी जोन में भाग लिया, स्वच्छ भारत अभियान की पहल को सफलतापूर्वक प्राप्त करने में मदद करने के लिए अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता को दोहराया। स्वच्छता पखवाड़ा उत्सव के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान, स्कूली बच्चों के लिए विषयगत पेंटिंग प्रतियोगिता, कचरे प्रबंधन पर कार्यशाला, नुक्कड़ नाटक जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे ।

## मजदूरी दर पर चेंबर की प्रतिक्रिया को ट्रेड यूनियनों ने बताया निंदनीय

**रांची (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय ट्रेड यूनियन ने अधिसूचित न्यूनतम मजदूरी दर पर चेंबर ऑफ कॉमर्स की प्रतिक्रिया की निंदा की है। इंटक, बीएमएस, एटक, सीटू और एक्टू जैसे केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त बयान जारी कर कहा है कि श्रम विभाग ने न्यूनतम मजदूरी अधिनियम के सभी प्रावधानों का पालन करते हुए न्यूनतम मजदूरी की संशोधित दरों को अधिसूचित किया है। इसलिए अब न्यूनतम मजदूरी परामर्शदातृ पर्षद के किसी भी घटक द्वारा नाराजगी जताने या संशोधित दर को अनुचित बताने की कोई गुंजाइश नहीं है। अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया कि अप्रैल 2023 में परामर्शदातृ पर्षद के पुनर्गठन के बाद दो दौर की बैठकें हुईं। नियोक्ता और नियोजित दोनों पक्ष के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे, जिसके बाद विभागीय सचिव सह पर्षद के अध्यक्ष को अग्रेतर कार्रवाई के लिए अधिकृत किया गया था।

## संत माइकल स्कूल में जागरूकता अभियान




**रांची (आजाद सिपाही)।** अरगोड़ा-कटहल मोड़ रोड स्थित संत माइकल पब्लिक स्कूल न्यू अशोक नगर में मेरा मत मेरा अधिकार के तहद मतदाता जागरुकता अभियान सह विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर मताधिकार के अधिकार और इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय के निदेशक कुमार सिन्हा ने संविधान में उल्लेखित मतदान से संबंधित नियमों के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्या श्रावणी पांडेय ने मतदान की जानकारी देते हुए बताया कि आज से ही मतदान के महत्व को समझना पड़ेगा। इस क्रम में निर्वाचन प्रणाली के तहद विद्यालय में नये सत्र 2024-25 के लिए हेड ब्वॉय-हेड गर्ल का चुनाव कराया गया। हेड ब्वॉय के रूप में पीयूष उरांव, हेड गर्ल के रूप में बिंदिया मुंडा को चुना गया। इस अवसर पर निदेशक रमाकांत प्रसाद, निदेशिका सुषमा सिन्हा, उप प्राचार्य अक्षय कुमार सिन्हा, निर्मल कुमार चौधरी समेत अन्य उपस्थित थे।

# श्रीराम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में उन्मुख शिक्षा पर कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** श्री राम टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम वर्तमान परिदृश्य में कौशल उन्मुख शिक्षा विषय पर आयोजित किया गया। विषय विशेषज्ञ डॉ उपेंद्र उपाध्यय, डॉ सचिन कुमार, डॉ तबस्सुम खातून, डॉ अशोक कुमार थे। प्राचार्य डॉ सुरजीत सिंह ने स्वागत भाषण किया। कार्यक्रम के संरक्षक महाविद्यालय के सचिव विकास सिन्हा ने कार्यक्रम के आयोजन और उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डॉ



अशोक कुमार ने शिक्षा के सैद्धांतिक पहलुओं के साथ-साथ व्यवहारिक पहलुओं पर भी अपने विचार रखे। डॉ तबस्सुम ने कौशल युक्त शिक्षा से होनेवाले मनोवैज्ञानिक-व्यवहारिक विकास पर विचार रखे। डॉ सचिन कुमार द्वारा भारत में हुए पारंपरिक शिक्षा पद्धति से लेकर वर्तमान की नयी शिक्षा नीति को स्पष्ट किया गया। डॉ उपेंद्र उपाध्याय ने सांस्कृतिक मूलतत्वों से जुड़कर कौशल शिक्षा के विकास के साथ आधुनिक शिक्षा के समन्वय पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में डॉ बजरंगी मंडल, प्रोफेसर सुबोध कुमार सिंह, डॉ अर्पणा कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## डीएसपीएमयू में टीसीएस का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में शामिल होने के लिए कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय से 2022, 2023 और 2024 वर्ष के उत्तीर्ण स्नातकों की भर्ती के लिए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस चयन प्रक्रिया में स्नातक फ्रेशर्स के प्रतिभागी शामिल हुए। इसमें विवि के 150 की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। साथ ही सरला बिरला विश्वविद्यालय, मारवाड़ी कॉलेज, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, अनंदा कॉलेज जैसे विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के छात्रों ने भी भाग लिया। उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गयी। चयनित उम्मीदवारों को शीघ्र ही उनके मेल पर चयन की सूचना और ज्वाइनिंग लेटर मिलेगा। चयनित उम्मीदवारों का कार्यस्थल कोलकाता होगा। ड्राइव कुलपति तपन कुमार शांडिल्य और कुलसचिव नमिता सिंह, प्लेसमेंट अधिकारी अंकित कुमार तिवारी के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कुलपति ने कहा कि पूर्व से ही ऐसी योजना थी कि विश्वविद्यालय में बड़े स्तर पर कैंपस ड्राइव का आयोजन किया जाये, जिसमें न सिर्फ हमारे विश्वविद्यालय के प्रतिभागी बल्कि अन्य शैक्षणिक संस्थानों के भी विद्यार्थी शामिल हों।

### शीतकालीन अवकाश का समायोजन ग्रीष्मकालीन में जोड़कर किये जाने का स्वागत

# शेष त्रुटियों का भी जल्द किया जाये समाधान: शिक्षक मोर्चा

## अन्य त्रुटियों का भी जल्द निराकरण करने की मांग

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के प्रदेश संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद और प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने निदेशक द्वारा पूर्व घोषित ग्रीष्मावकाश 21 मई से 2 जून के अवकाश को विस्तारित करते हुए 21 मई से 7 जून 2024 तक किया गया है। यह स्वागत योग्य कदम है। साथ ही अन्य त्रुटियों का भी जल्द निराकरण करने की मांग की है।



# महंगाई की मार से आइएनडीआइए सरकार दिलायेगी राहत: यशस्विनी

## गरीबों के लिए जो भी योजना चल रही है कांग्रेस की देन : सुबोधकांत सहाय

आजाद सिपाही संवाददाता





रांची लोकसभा केंद्र के ओरमांझी व अनगड़ा प्रखंडों में जनसंपर्क व चुनावी सभा कर अपने पक्ष में मतदान की अपील करती प्रत्याशी यशस्विनी सहाय।

**ओरमांझी/अनगड़ा/रांची।** रांची शहर के कई क्षेत्रों के साथ ही ओरमांझी और अनगड़ा प्रखंड के कई गांवों में कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने आइएनडीआइए महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा, जनसंपर्क और चुनावी सभा कर लोगों से समर्थन मांगते हुए कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। अपने संबधन में यशस्विनी सहाय ने कहा कि मोदी सरकार ने अच्छे दिन के नाम पर लोगों पर महंगाई का बोझ लाद दिया है। जिससे कांग्रेस की सरकार जनता को राहत पहुंचाएगी। इसी उद्देश्य से आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को महीने का 8,500 अर्थात हर साल एक लाख रुपए दिया जाएगा। जिससे कि महिलाओं को महंगाई से राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने न्याय पत्र के द्वारा सभी वर्गों के लिए 25 गारंटी तय की है। जो देश की जनता को महंगाई और समस्याओं से उबारेगा।

वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि कांग्रेस का हाथ आम लोगों के साथ रहा है। आज देश में गरीबों के लिए जितनी भी योजनाएं चल रही है वह कांग्रेस की देन है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो समाज के सभी वर्गों के हितों में कार्य होगा क्योंकि कांग्रेस ने गारंटी कार्ड से विकास की अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है।

### इन क्षेत्रों में चला जनसंपर्क

कांग्रेस प्रत्यासी यशस्विनी सहाय ने शहर के हिनू, पोखर टोली, साकेत नगर, सचिवालय कॉलोनी, सिंहपुर व किलबर्न कॉलोनी, शुक्ला कॉलोनी, हिनू बस्ती, बंधु नगर, प्रकाश नगर, कटहर कोचा, बिरसा चौक, शहीद चौक, अपर बाजार आदि क्षेत्र में पदयात्रा कर लोगों से वोट मांगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ओरमांझी और अनगड़ा प्रखंड के दर्जनों गांव में पदयात्रा और चुनावी सभा कर ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान कर विजयी बनाने की अपील की। वहीं, ओरमांझी में आयोजित जनसंपर्क अभियान में विधायक राजेश कच्छप,तुलसी खरवार,अशोक गुप्ता, शंकर गुप्ता, रमेश उरांव, सफिउल्ला अंसारी, रहीम अंसारी, सुनील सहाय, हरि मोहन महतो, शिव कुमार साहु, सुरेश साहु, रवि साहु, मुबारक अंसारी, सुरेश प्रसाद साहु, सुधा देवी और सोहराई महतो आदि उपस्थित थी

# बहू ने सास, पति व बच्चे को घर से निकाला

**प्रताड़ित पति ने न्यायालय से लगायी न्याय की गुहार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रातू।** थाना क्षेत्र के संतनगर में एक महिला द्वारा अपनी बीमार सास, पति और बच्चे को घर से बाहर निकाल दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है।यही नहीं महिला ने मकान पर कब्जा भी कर कर लिया है। भुक्तभोगी पति ने अदालत की शरण लेकर न्याय की गुहार लगायी है। रातू पुलिस इसकी जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक संत नगर निवासी भुक्तभोगी पति राजेन्द्र कुमार साव की वर्ष 2007 में शादी हुई है। दंपति के एक पुत्र व एक पुत्री भी है। कुछ दिनों के बाद ही उसके घर के बगल में ही पत्नी के माता-पिता व भाई घर बनाकर रहने लगे। कुछ दिन बाद ही राजेंद्र की पत्नी ने अपने माता पिता व भाइयों से मिलकर अपनी सास व पति का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया। प्रतिदिन की लड़ाई से मजबूर होकर भुक्तभोगी पति ने 19 अप्रैल को न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई है। इससे नाराज पत्नी आरती देवी ने अपने भाइयों से मिलकर सास, पति व एक बच्चे को घर से बाहर निकाल दिया और घर पर कब्जा कर लिया है। फिलहाल सास, पति व एक छोटा बच्चा दर-दर की ठोकरे खाने के लिए भटक रहे है। रातू पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आइएनडीआइए गठबंधन बेहतर स्थिति में : दीपंकर

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** लोकसभा के चार चरण का चुनाव संपन्न हो चुका है। जिसमें आइएनडीआइए गठबंधन बेहतर स्थिति में है। उक्त बातें भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने कही। वे इंदिरा गांधी मैदान जमूआ में आइएनडीआइए गठबंधन की ओर से आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोल बांड देश का सबसे बड़ा घोटाला है। कोविशिल्ड वैक्सीन में बड़ी गड़बड़ी थी। आज लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झूठ बोलकर सत्ता में आये और झूठ बोलकर 10 साल से देश राज कर रहे हैं। जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर विपक्ष के नेताओं को फंसाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सन 2014 से 2024 तक मोदी सरकार सत्ता में काबिज है, जिससे उन्हें अहंकार हो गया है। कहा कि हमलोगों को चुनाव का हक अधिकार मिला है, इसे छोड़ने वाले नहीं है। वहीं, आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्यासी विनोद सिंह ने कहा कि कोडरमा की आवाज देश में गूंजे इसके लिए मुझे तो आशीर्वाद दें ताकि आपकी बातों और जनता के सवालों पर सड़क से संसद तक मजबूत लड़ाई लड़ी जाए। कहा कि समाज के सभी वर्गों की रहनुमाई हम करेंगे। हर जरूरतमंद, बेजुबान, कमजोर, बेबस की आवाज को दबाने नहीं देंगे। कोडरमा वर्षों से उपेक्षित रहा है। यहां की धरती को सजाने का काम करेंगे। कहा कि हम किसानों, नौजवानों, मजदूरों के लिए आवाज बुलंद करेंगे। केंद्र की सरकार झूठ और धोखे की सरकार है। उन्होंने कहा कि पहले हालात बदलने की बात कर रहे थे अब संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। पर उनका संकल्प कोडरमा क्षेत्र को शिक्षा के हब के रूप में विकसित करने की दिशा में पहल, मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज, कृषि कॉलेज एवं आर्ट यूनिवर्सिटी की स्थापना का लक्ष्य है। कृषि क्षेत्र के लिए बिजली एवं सिंचाई की समन्वित और समेकित योजनाओं के लिए पहल की जाएगा। वहीं, आम आदमी पार्टी के कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान पर खतरा है जिससे सचेत रहने की जरूरत है। कहा कि कामरेड विनोद सिंह को अपना वोट व समर्थन दें। मौके पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष धनन्जय सिंह, मंजू कुमारी, ओम प्रकाश महतो आदि मौजूद थे।

# उप मुखिया ने जनसंपर्क कर संजय सेठ के लिए मांगा वोट



आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** उप मुखिया संतोष गुप्ता ने ओरमांझी के कई वार्डों में घूम-घूम कर रांची लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में मतदान करने की अपील की।इस जनसंपर्क अभियान में संतोष गुप्ता संग, नोना पाहन, कृष्ण पाहन, रामदेव साहु, मंगेश साहु, हरिश्चंद्र साहु, विमल मुंडा, सुमति देवी, विमला देवी, रूपेश साहू, मनी देवी आदि शामिल थे।

## छह जून को दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड के साहेर गांव में गुरुवार को मदरसा दारुल उलूम सुलेमानिया परिसर में ग्रामीणों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता हाजी मुस्तकीम अंसारी ने की। जिसमें सर्वसमिति से निर्णय लिया गया कि 28 मई को जलसा सह दस्तारबंदी कार्यक्रम का आयोजन साहेर स्थित मदरसा दारुल उलूम सुलेमानिया परिसर में किया जाएगा। बैठक में मदरसा के मोहतमिम मौलाना जसीमुद्दीन नुमानी, निगरा कमेटी और सुरा कमेटी के सदर हाजी रकीब, हाजी कदीर, यासीन अंसारी, मंजूर अंसारी, समसुल हक, एकबाल अंसारी आदि उपस्थित थे।

## कार की टक्कर में बाइक सवार युवक का पैर टूटा

**लापुंग (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के दोलैचा बगीचा के पास कार की टक्कर में बाईक सवार मालगो निवासी एक युवक घायल हो गया। श्रीकांत भगत की मदद से एम्बुलेंस बुलाकर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। बताया जा रहा कि 38 वर्षीय कपिल मुंडा अपनी बाइक से रांची जा रहा था। तभी पीछे से तेज गति से आ रही कार ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। इस टक्कर में बाइक सवार कपिल मुंडा बुरी तरह घायल हो गया। उसका बायां पैर टूट गया।वहीं, टक्कर मारने के बाद कार सवार भाग निकला। बाद में कपिल मुंडा की पत्नी भी घटनास्थल पहुंची। उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।**

# हुटार में महीनों से बन रही दो जलमीनार अब भी अधूरी

## जल जीवन मिशन में ठेकेदारों की मनमानी, गुणवत्ता के अनुसार नहीं बन रही पानी टंकी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को शुद्ध पेयजल देने के लिए सरकार की महत्वकांक्षी योजना जल जीवन मिशन चलायी जा रही है।इसके तहत प्रखंड के 17 ग्राम पंचायत के गांवों में टंकी, बोरिंग और पाइप लाइन बिछाने का काम किया जा रहा है। लेकिन पेयजल आपूर्ति विभाग व संवेदक की लापरवाही से यह पूरा नहीं हो सका। प्रखंड के हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के हूटार गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में दो जलमीनार पिछले तीन महीने से अधिक समय से निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन अभी तक पूरा नहीं हो सका है।इससे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। करीब तीन माह पूर्व कुछ मजदूर व मिस्त्री द्वारा आकर यहां गड्ढा खोदकर नीचे का प्लेटफार्म तैयार किया गया था। लगभग 10 फिट दीवार खड़ी की गई। उसके बाद से अभी दो महीना से अधिक समय बीतने के बावजूद किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि यहां पानी के लिए गांव के लोग तरस रहे हैं। अर्ध निर्मित जल मीनार लोगों को मुंह चिढ़ा रही है। ज्ञात हो कि प्रखंड के कई गांवों में नल जल योजना से जुड़े संवेदकों की लापरवाही व जन प्रतिनिधियों की उपेक्षा से हर घर नल जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। जिस कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। जिस कारण लोगों का शुद्ध पेयजल का सपना अभी तक अधूरा ही है। वहीं चिलचिलाती धूप में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जबकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना लूट व भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। इस योजना के आधे अधूरे कार्य की वजह से धरातल पर नजर नहीं आती है। इस योजना में जिस तरह से अनियमितता बरती गई है, उसकी जांच होनी चाहिए। इधर, हूटार गांव के ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। ना तो ठीक से मटेरियल का उपयोग किया जा रहा और ना ही बन रहे दीवार व पीलर में पानी दिया जा रहा है। जिससे टंकी की दीवार व पिलर मजबूत नहीं बनेगी। खराब निर्माण कार्य से लोगों में काफी आक्रोश है। कहा जा रहा है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता रवैये के कारण न सिर्फ ठेकेदारों के हौसले बुलंद हैं, बल्कि योजना के काम की खानापूर्ति कर ज्यादा से ज्यादा मुनाफा कमाने पर ध्यान दे रहे हैं। एक तो बेहद खराब किस्म से दोनों जल मीनार का निर्माण कराया जा रहा है, उसमें भी इतना विलंब हो रहा है। ग्रामीणों ने डीसी से गुहार लगाते हुए कहा है कि प्रशासनिक अधिकारियों से संबंधित विभाग के अधिकारियों कर्मियों-अभिकर्ताओं के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए अविलंब जल मीनार निर्माण कार्य पूर्ण करायी जाए।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने संजय सेठ के समर्थन में चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान चतरा, सिरका आदि पंचायत के कई गांवों में डघर-घर कैंपेन किया गया और लोगों से रांची लोकसभा के भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ को कमल फूल छाप में वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील की गयी। लोगों को प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा गरीब कल्याण योजनाओं व अन्य उपलब्धियों को बताया गया। मौके पर रामनाथ महतो के साथ रामसाय मुंडा, जगेश्वर महतो, कामेश्वर महतो, दुर्गा पाहन, सुनील कुमार महतो, रामेश्वर महतो, राजेन्द्र महतो आदि मौजूद थे।

# नामकुम में भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** नामकुम पुरुलिया रोड स्थित सम्राट पेट्रोल पंप के समीप खिजरी के पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, जिला उपाध्यक्ष आरती कुजूर एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रणधीर चौधरी ने संयुक्त रूप से भाजपा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आरती कुजबर ने भाजपा प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एकजुटता से कार्य करने की बात कही। इस मौके पर खिजरी विधानसभा सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, जिप सदस्य सह भाजपा नेता रामावतार केरकेट्टा, झारखंड आंदोलनकारी सह सांसद प्रतिनिधि रिंकू सिंह, आजसू नेता संजीव सिंह उर्फ छोटू, पिंटू सिंह, नवीन सोनी, अशोक गोप, गौतम देव, अरुण गोप, अभिषेक गोप, बसंत राम, नवल बहादुर, अनिल सिंह, नीता शर्मा, नीतू शर्मा, अमरेंद्र सिंह, भीम मुंडा सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। वहीं, खिजरी मंडल अंतर्गत बरगावां शक्ति केंद्र चाय बगान में सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में विभिन्न जगहों पर पदयात्रा कर सांसद सह प्रत्यासी संजय सेठ के पक्ष में चुनाव चिन्ह कमल छाप में वोट करने की अपील की गयी। मौके पर नीता सेठ, कुमुद झा, गोपाल चौधरी, प्रभाष झा, प्रज्ञा भारती, सरोज राय, सविता देवी, अरुण झा, सुबोध सिंह टनटन, राम तपस्या सिंह, धनंजय पांडे, मंजू पांडे आदि थे।

## वृद्ध लापता, गुमसुदगी की रिपोर्ट थाना में दर्ज



**रातू (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के भोंडा निवासी तैयब अंसारी (70) विगत 13 मई की सुबह आठ बजे से लापता है। वह परिजनों को पुनदाग जाने की बात कहकर घर से अपनी बाइक से निकले थे। पर अभी तक घर नहीं पहुंचे। परिजन आस पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां पता किये लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। थक हार कर मामले को लेकर तैयर अंसारी के बेटे अशरफुल ने रातू थाने में अपने पिता की गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराया है। वहीं, पुलिस लापता तैयब अंसारी की खोजबीन में जुट गई है।

# बेड़ो: सड़क दुर्घटना में तीन घायल, दो की हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर गुरुवार की शाम 6.30 बजे एक अज्ञात वाहन और बाइक सवार की हुई टक्कर में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी पहचान सचिन लकड़ा, विकास लकड़ा और पूना लकड़ा के रूप में हुई है। सभी मांडर थाना क्षेत्र के हेसमी गांव के रहनवे वाले हैं। अपने गांव से बेड़ो बाइक से जा रहे थे। तभी केशा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डॉ सुमन एक्का ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल विकास लकड़ा और पूना लकड़ा को बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पीसीआर के पुलिसकर्मी सीएचसी पहुंची और घटना की जानकारी ली।

## बेड़ो से बाइक चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के डहु टोली खत्री खटंगा गांव से बुधवार की रात त्रिलोक महतो की बाइक घर के आंगन से ही चोरी हो गई। गुरुवार को त्रिलोकी ने बेड़ो थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ बाइक चोरी की शिकायत दर्ज कराया है। पुलिस जांच में जुट गई है।**

# मतदाताओं को जागरूक करने को निकाली रैली

आजाद सिपाही संवाददाता




मतदान जागरूकता रैली में शामिल आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की छात्राएं।

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के बैनर तले गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी।इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी असिस्टेंट प्रोफेसर रामजी यादव ने बीएडसत्र 2023- 25 एवं 2022-24 के विद्यार्थियों को मतदान के विषय में बताया।हम लोगों के वोट से मतदान करने से योग्य प्रत्यासी चुनकर जाते हैं जिससे समाज और देश का भला होता है। इसलिए मतदान जरूर करना चाहिए। इसे पूर्व प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने मतदाता जागरूकता अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डेजी लकड़ा, संगीता तिर्की, कमलेंद्र नाथ त्रिपाठी,ओम प्रकाश तिवारी, हरीश पांडेय, शुभा शर्मा, मोहित तिवारी और वागीश दूबे आदि उपस्थित थे।

# बेड़ो के तुको में मंडा पूजा की लोटन सेवा

आजाद सिपाही संवाददाता



बेड़ो के तुको में मंडा पूजा के दौरान लोटन सेवा करते हुए शिवभक्त।

**बेड़ो।** नवजागरण मंडा पूजा महासमिति तुको के तत्वावधान में गुरुवार की सुबह वार्षिक मंडा पूजा समारोह धार्मिक अनुष्ठान लोटन सेवा के साथ शुरू हो गया। जिसमें 46 पुरुष भोक्ता और 60 महिला सोगताईन ने भाग लिया। वहीं धार्मिक अनुष्ठान पुजारी आशुतोष पांडेय व युगल दास गोस्वामी और पाट भोक्ता वरुण महतो की अगुवाई में किया गया। लोटन सेवा के तहत शिवभक्तों ने नंगे बदन तपती जमीन पर लोटकर अपनी भक्ति व आस्था का परिचय दिया। वहीं भोक्ताओं ने भगवान शिव व माता पार्वती के प्रति अपनी आस्था जतायी। शुक्रवार को शिवभक्त दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति, आस्था व शक्ति का परिचय देंगे। साथ ही रात में पश्चिम बंगाल की टीम द्वारा छऊ नृत्य का आयोजन किया जाएगा। वहीं शनिवार को झूलन के दौरान झूलते हुए शिवभक्तों द्वारा श्रद्धालुओं के बीच आस्था के फूल बरसाये जाएंगे। जिसे पाने की ललक श्रद्धालु महिलाओं के बीच होगी। शाम में पड़हा जतरा व रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। समारोह को सफल बनाने में गोवर्धन बैठा, शक्ति राम, मनीष राम, बाल किशुन मोची, सत्येंद्र साहू, अशोक यादव, गौतम ताम्रकार, कुलदीप साहू, भागवत ताम्रकार, प्रदीप गोप, आदित्य ताम्रकार, शाखो उरांव व रवि पहान समेत सभी ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

